# बहुविकल्पीय प्रश्न

(i) संज्ञा की परिभाषा बताने वाला विकल्प कौन-सा है?

(क) किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान आदि का नाम

(ख) वर्णों का सार्थक मेल

(ग) सामान्य अर्थ न प्रकट कर विशेष अर्थ बताने वाले शब्द

(घ) जिनका कोई सार्थक खंडन हो

(ii) इनमें से कौन-सा संज्ञा का भेद नहीं है?

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) भाववाचक संज्ञा (ग) कालवाचक संज्ञा (घ) जातिवाचक संज्ञा

(iii) 'बुढ़ापा' शब्द है .........।

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) भाववाचक संज्ञा (ग) जातिवाचक संज्ञा (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) 'यह लड़की हँसती रहती है।' वाक्य में संज्ञा शब्द कौन-सा है?

(क) यह (ख) हँसती (ग) लड़की (घ) रहती है

(v) व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द इनमें से कौन-सा है?

(क) छात्र (ख) अखबार (ग) बचपन (घ) हिमालय

(vi) 'लड़का' शब्द से बना भाववाचक संज्ञा कौन-सा शब्द है?

(क) लड़कों ने (ख) लड़के (ग) लड़कपन (घ) हे लड़को!

(vii) 'अपना' शब्द से बना भाववाचक शब्द कौन-सा है?

(क) अपनाना (ख) अपनाया हुआ (ग) अपने पर (घ) अपनत्व

(viii) 'धोना' शब्द से बना भाववाचक संज्ञा शब्द इनमें से कौन-सा है?

(क) धोबी (ख) धुलाई (ग) धोया (घ) धोबिन

(ix) 'सर्व' शब्द से बना भाववाचक संज्ञा शब्द कौन-सा है?

(क) सर्वहारा (ख) सर्वज्ञ (ग) सर्वव्यापी (घ) सर्वस्व

(x) भाववाचक संज्ञा किन शब्दों से बनती है?

(क) सर्वनाम (ख) क्रिया (ग) विशेषण (घ) उपर्युक्त सभी से

उत्तर

LIVEWORKSHEETS